हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



## नगर में सिख समाज ने मनाया लोहड़ी पर्व

**सिमगा।** नगर में सिख समाज द्वारा लोहड़ी पर्व परंपरागत श्रद्धा, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया के निवास में लोहड़ी उत्सव का आयोजन हुआ। इसमें समाज के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत सिख मर्यादा अनुसार अरदास से की गई। अरदास उपरांत लोहड़ी प्रज्ज्वलित कर तिल, मक्का एवं रेवड़ी अग्नि को अर्पित की गई। इस परंपरा के माध्यम से लोगों ने अपने जीवन के बुरे कर्मों, नकारात्मक विचारों और कष्टों के नाश तथा सुख-समृद्धि की कामना की। लोहड़ी की अग्नि को साक्षी मानकर समाज में एकता, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने लोहड़ी पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं बल्कि प्रकृति परिश्रम और जीवन मूल्यों का उत्सव है। यह पर्व नई फसल के स्वागत किसानों के सम्मान और सूर्य देव की उपासना से जुड़ा हुआ है। लोहड़ी के माध्यम से समाज को यह संदेश मिलता है कि परिश्रम सकारात्मक सोच और सामूहिकता शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### कोविड में कार्य करने वाले अभ्यर्थियों को मिलेगा अनुभव प्रमाण पत्र

**बलौदाबाजार।** कोविड वैश्विक महामारी के दौरान शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एक वर्ष में 6 माह का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र हेतु व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यापम द्वारा आयोजित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा में शामिल ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त होकर कार्य किया है, उन्हें एक वर्ष में 6 माह का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थी संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को 29 जनवरी तक अनुभव प्रमाण पत्र हेतु केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालयीन समय में जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।

### नगर में राम कथा आज से

**सिमगा।** नगर के सरोपी तालाब स्थित चिंताहरण हनुमान मंदिर परिसर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की असीम कृपा से कल्याणकारी श्रीराम कथा की भक्ति सरिता रस प्रभावित होगी।



राम कथा रसपान आचार्य पं दऊवा प्रसाद दुबे के मुखारविंद से होगा। कथा के प्रथम दिवस प्रातः 10 बजे मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकाली जाएगी। प्रतिदिन कथा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी। वहीं रात्रि में भगवती महिला मंडल समिति के द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा। भगवती महिला मंडल ने नगर एवं ग्रामीण अंचल के निवासियों से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस श्री राम कथा के रस का आनंद लें। श्रीराम कथा के आयोजन की तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है।

### पिता-पुत्र से मारपीट

**महासमुंद।** बाइक को तेज रफ्तार चलाने से मना करने पर दो लोगों ने पिता-पुत्र की पिटाई कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को खेमलाल साव ने बताया कि 12 जनवरी की शाम वह अपने पुत्र सुनील साव के साथ रोड किनारे टहल रहे था। इसी दौरान ओमप्रकाश राणा अपनी मोटर सायकल में जयप्रकाश राणा को पीछे बिठाकर तेज गति से चलाते हुए आए, जिसे तेज रफ्तार वाहन चलाने से मना किया, इस पर बाइक चालकों द्वारा तुम लोग कौन होते हो मना करने वाले कहकर गाली गलौज कर मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** स्कूटी से शराब परिवहन कर रहे दो लोगों के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति गढपटनी जाने के मार्ग में शराब भट्ठी से अपने वाहन बिना नंबर पीले रंग वाली स्कूटी एक्टिवा में बिक्री हेतु अवैध रूप से प्लेन शराब लेकर निकलने वाले है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर आरोपियों को रूकवाकर पूछताछ की गई जिस पर उन्होंने अपने नाम सुनील अग्रवाल एवं सुरेश अग्रवाल बताए। आरोपियों के कब्जे से 55 नग शोले देशी प्लेन शराब कीमत 4,400 रुपए जब्त किया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# मकर संक्रांति पर छात्रों ने आसमां में उड़ाई रंग-बिरंगी पतंगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिरमी-रावन



ज्ञानोदय शिशु मंदिर हिरमी में मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नीले आसमान में लहराईं रंग-बिरंगी पतंगें उत्सव की शुरुआत पतंगबाजी से हुई। विद्यालय के बच्चों ने खुले मैदान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाईं। आसमान में लहराती पतंगों को देखकर बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान पूरे परिसर में बच्चों की खिलखिलाहट और काट रे के शोर से उत्सव का माहौल बन गया। तिल-गुड़ के लड्डुओं से बढ़ी मिठास त्यौहार की मिठास को साझा करते हुए विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बच्चों को तिल के लड्डू और गजक बांटे। भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति पर तिल-गुड़ के महत्व को समझाते हुए शिक्षिकाओं ने बच्चों को मिल-जुलकर रहने का संदेश दिया। प्राचार्य पीआर वर्मा ने साझा किए अपने विचार कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य पीआर वर्मा ने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने मकर संक्रांति के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण होने का उत्सव है, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। जैसे पतंग ऊंचाइयों को छूती है, वैसे ही आप सभी अपने जीवन में अनुशासन शेष पेज 11 पर

## कार्रवाई : अवैध धान परिवहन, भण्डारण एवं विक्रय पर कड़ी कार्रवाई

# मण्डी समिति ने 158 प्रकरणों में 6814 क्विंटल अवैध धान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

अवैध धान परिवहन, भण्डारण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। कृषि उपज मण्डी समिति द्वारा अब तक 158 प्रकरणों में 6814 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है, जिसका मूल्य 15613975 रुपये हैं।

जानकारी के अनुसार कृषि उपज मण्डी समिति, बलौदाबाजार द्वारा 83 प्रतिष्ठानों में 2457.40 क्विंटल राशि 54,09,920 रुपये, कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा द्वारा 54 प्रतिष्ठानों में 3397.14 क्विंटल, राशि 80,41,035 रुपये एवं कृषि उपज मण्डी समिति, कसडोल के द्वारा 21 प्रतिष्ठानों में 959.80 क्विंटल राशि 21,63,020 रूपये का अवैध धान जब्त किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यापारियों को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि धान उपार्जन अवधि में अवैध परिवहन, भण्डारण एवं वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले में अवैध धान के परिवहन को रोकने हेतु 12 चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के नेतृत्व में दल गठन कर लगातार छापे की कार्यवाही की जा रही है। धान उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता के उद्देश्य से कार्यवाही लगातार जारी है।

### रसेडा समिति में 24 क्विंटल धान जब्त, कोटवार के सुपुर्द किया गया

**बलौदाबाजार।** धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और अवैध धान के भंडारण पर लगाम कसने राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रसेडा समिति में एक किसान द्वारा अवैध रूप से धान खपाने के प्रयास को विफल किया गया। जांच टीम ने मौके पर 24 क्विंटल अवैध धान जब्त कर ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी में दे दिया। संबंधित किसान के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसका रकबा समर्पण भी कराया गया है, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितता पर रोक लगाई जा सके। इसी प्रकार ग्राम खैरी में किसान रविन्द्र नेताम ने 16 जनवरी के लिए 81 क्विंटल धान विक्रय का टोकन कटवाया। प्रशासनिक टीम द्वारा जो किसान के घर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया, वहां भंडारण में कोई भी धान उपलब्ध नहीं पाया गया। घर में धान का स्टॉक शून्य होने के बावजूद भारी मात्रा में टोकन कटवाना स्पष्ट रूप से अवैध धान खपाने की योजना को दर्शाता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने तत्काल पंचनामा तैयार किया और संबंधित समिति को किसान का रकबा समर्पण करने निर्देशित दिया है। प्रशासन ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या बिचौलियों का साथ देने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### कम मिला 124 क्विंटल धान, प्रभारी पर एफआईआर दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में पारदर्शितापूर्ण धान खरीदी सुनिश्चित करने जिला प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। बिचौलियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर भौतिक सत्यापन में 124 क्विंटल धान की कमी पाए जाने पर धान खरीदी प्रभारी पर ऋषि कुमार शर्मा पर सख्त कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है।जानकारी के 5 जनवरी को निरीक्षण द्वारा उपार्जन केन्द्र मनोहरा का भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान उपार्जन केन्द्र में कुल 124.80 क्विंटल (313 कक्षा) धान कीमत राशि 295651.20 रुपये की कमी पायी गई। धान उपार्जन केन्द्र मनोहरा के धान खरीदी प्रभारी ऋषि कुमार शर्मा द्वारा शासन की धान को छल पूर्वक



# धारदार हथियार से हमला एक आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

ग्राम गिर्रा में अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी आरोपी 40 वर्षीय खिलेंद्र साहू को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से हमले में प्रयुक्त धारदार हथियार (परसुल) भी बरामद कर लिया है।

मंगलवार को ग्राम पंचायत गिर्रा द्वारा आरोपी खिलेंद्र साहू द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण (तार जाली एवं शौचालय) को हटाया जा रहा था। अपने द्वारा बनाए गए निर्माण को टूटता देख आरोपी क्षुब्ध हो गया। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने महामाया चौक के पास प्रार्थी हेमंत कुमार वर्मा को रोक लिया।

- अतिक्रमण हटाने के विवाद में खूनी संघर्ष

वहां आरोपी ने प्रार्थी के साथ अश्लील गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे के धारदार परसुल से उस पर घातक हमला कर दिया, जिससे प्रार्थी को गंभीर चोटें आई हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में पलारी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उसे 14 जनवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा है।

## खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम पोहा मिल का निरीक्षण करने पहुंची



**बलौदाबाजार/ भाटापारा।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने भाटापारा स्थित स्थित पोहा मिलों का निरीक्षण किया। अनियमितता मिलने पर सैंपल लेकर जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला को भेजा गया।

निरीक्षण के दौरान मातारानी इंडस्ट्रीज़ सेमरिया द्वारा पोहे का विनिर्माण किया जा रहा था, परन्तु खाद्य के लेबल पर विनिर्माता की जगह पर अन्य फर्म का नाम, पता लिखा था, जो कि खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के पैकेजिंग एवं डिस्प्ले रेगुलेशन का उल्लंघन है। मौके पर पैकिंग संबंधित दस्तावेज मांगे जाने पर प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त फर्म से पोहे का विधिक नमूना संकलन कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है, जांच रिपोर्ट आने पर विधि अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## आम पेड़ों में आयी बौर...



पलारी। अंचल में आम के पेड़ों में बौर निकल आए हैं, जो आने जाने वालों को को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। लोग हल्के पीले-हरे रंग बौर को देखकर बरबस ही रुक जाते हैं। बसंत पंचमी 23 जनवरी को मनाई जाएगी।

## शिवसेना हिन्दू राष्ट्र मोर्चा का दूसरा चरण 28 को दुर्ग से रायपुर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा



छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार जिला ईकाई की बैठक सिमगा के रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। इसमें महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें 28 जनवरी को पार्टी द्वारा दुर्ग से रायपुर तक हिन्दू राष्ट्र घोषित करने, गौ माता को महाराष्ट्र तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के घोषणा अनुसार राज्य माता का दर्जा, धर्मांतरित लोगों से आरक्षण खत्म कर धर्मांतरण पर कड़े कानून बनाने, देशहित में सीएए, एनआरसी लागू करने जैसे विभिन्न मुद्दों पर दूसरे चरण में हिन्दू राष्ट्र मोर्चा निकाला जाएगा। जिसमें बलौदाबाजार जिले से सैकड़ों शिव सैनिक शामिल होंगे। उक्त बैठक में प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, महासचिव बद्री प्रसाद वर्मा, ओंकार वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. एवन टंडन, सचिव इंद्रजीत साहू, दीपक वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चतुरे, कामगार सेना जिलाध्यक्ष योगेश्वर वैष्णव, किसान सेना जिला उपाध्यक्ष राजु मानिकपुरी, भाटापारा विधानसभा अध्यक्ष खेमराज घिदोड़े, विधानसभा महासचिव रामविलास साहू, विधानसभा उपाध्यक्ष शेष पेज 11 पर

## प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बच्चों में दिखा उत्साह

# बच्चों ने कला के माध्यम से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में 14 जनवरी को पुलिस कम्युनिटी हॉल में एक भव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रोड सेफ्टी एवं यातायात जागरूकता श्रृंखला के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में पेंटिंग, वॉल आर्ट और फोटोग्राफी के माध्यम से सामाजिक विषयों पर जागरूकता फैलाई गई।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, अंबुजा विद्यापीठ के प्राचार्य संजय पांडेय, समाजसेवी अर्चना ठाकुर और डॉ. खुशबू बाजपेई द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य रोड सेफ्टी, साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे गंभीर विषयों पर जन-जागरूकता लाना था।








### 300 बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। सुबह 8 बजे से ही प्रतिभागियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। कुल 300 छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग श्रेणियों में हिस्सा लेकर पेंटिंग और वॉल आर्ट के जरिए यातायात नियमों और साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को बेहद सुंदर तरीके से प्रदर्शित किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए एसपी भावना गुप्ता ने कहा यदि बच्चों को स्कूली समय से ही यातायात नियमों और साइबर सुरक्षा की जानकारी दी जाए, तो यह उनकी आदत बन जाती है। बच्चे मन के सच्चे होते हैं और वे अपने घर-परिवार में भी इन नियमों के प्रति लोगों को जागरूक कर सकते हैं।

### 31 जनवरी को होगा सम्मान

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को 31 जनवरी को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इस सफल आयोजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, यातायात प्रभारी प्रियेश जॉन सहित पुलिस टीम और अक्षय टंडन, विक्की साहू व उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

## सेना दिवस पर क्षेत्र में आज होगा सामूहिक वन्दे मातरम् गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

15 जनवरी को सेना दिवस पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र में वन्दे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ को समर्पित भव्य एवं ऐतिहासिक सामूहिक गायन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रायपुर तथा बलौदा बाजार-भाटापारा जिले के 3000 से अधिक शासकीय एवं निजी हाईस्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल और महाविद्यालयों में लगभग 5 लाख विद्यार्थी एक साथ वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन करेंगे।

- जिले के 5 लाख विद्यार्थी एक साथ वन्दे मातरम का सामूहिक गायन करेंगे

यह आयोजन राष्ट्रभक्ति, एकता और सांस्कृतिक गौरव का अनुपम उदाहरण बनेगा। एक ही समय में लाखों विद्यार्थियों द्वारा वन्दे मातरम् के गान से संपूर्ण क्षेत्र देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो उठेगा और यह दृश्य अविस्मरणीय होगा। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध, सम्मान और गर्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है।आयोजकों ने बताया कि सेना दिवस जैसे गौरवशाली अवसर पर वन्दे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मनाना अपने आप में ऐतिहासिक है। यह सामूहिक गायन न केवल स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियों को सजीव करेगा, बल्कि भावी पीढ़ी को राष्ट्रीय एकता और अखंडता के मूल्यों से भी जोड़ेगा। सभी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि राष्ट्रभक्ति का यह महाकुंभ व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल हो सके। आयोजकों ने आमजन से भी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने का आह्वान किया है।

## खबर संक्षेप

### डोंगरीपाली में मड़ई मेला 18 को

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत मामाभांचा के आश्रित ग्राम डोंगरीपाली में मड़ई मेला का आयोजन 18 जनवरी 2026 को किया गया है। जिसमें रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी लोक कला नवरंग नांच पार्टी मौलीभाठा (ओडिशा) का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील समस्त ग्रामवासी एवं ग्रामीण विकास समिति ग्राम डोंगरीपाली ने की है। उक्त जानकारी ग्रामीण सभा विकास समिति के कोषाध्यक्ष हेमन कुमार साहू ने दी है।

### लाफिनखुर्द स्कूल में विवेकानंद जयंती पर हुई निबंध एवं भाषण स्पर्धा

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य एवं व्याख्याताओं द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पार्चन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लीशा साहू द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय गीत से हुई। पश्चात छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी, विचारों एवं चरित्र पर प्रकाश डाला। मोनिका एवं वर्षा साहू ने भाषण के माध्यम से तथा डिगेश्वरी पटेल ने कविता के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सहायक शिक्षक विज्ञान प्रकाश चंद्राकर ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध कथन "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए" को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। व्याख्याता ममता ठाकुर ने विद्यार्थियों को विपरीत परिस्थितियों से घबराने के बजाय डटकर मुकाबला करने की प्रेरणा दी। संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में दिए गए ऐतिहासिक भाषण की जानकारी दी।

# कर्तव्य, करुणा और विवेक का शाश्वत संदेश देती है गणेश जन्म कथाः पं. पंकज तिवारी

## शहर के त्रिमूर्ति कालोनी में आयोजित शिवपुराण कथा के छठवें दिन गणेश जन्म प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में 9 जनवरी से आयोजित भव्य शिवपुराण कथा के छठवें दिन व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए पं. पंकज तिवारी ने श्रोताओं को भगवान गणेश के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण और शिक्षाप्रद रसपान कराया। उन्होंने कहा कि भारतीय धर्मग्रंथों में वर्णित कथाएं केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली जीवन-दृष्टि भी प्रदान करती हैं।

पं. तिवारी ने बताया कि शिव महापुराण में वर्णित गणेश जन्म कथा आज के समय में भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी प्राचीन काल में थी। यह कथा कर्तव्य, करुणा और विवेक का शाश्वत संदेश देती है। कथा के अनुसार भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के पश्चात कैलाश पर्वत पर गृहस्थ जीवन की शुरुआत होती है। एक दिन माता पार्वती स्नान हेतु जाती हैं, किंतु द्वार की रक्षा के लिए कोई न होने पर वे अपनी दिव्य शक्ति से अपने शरीर के उबटन से एक बालक की रचना कर उसमें प्राण का संचार करती हैं। यही बालक आगे चलकर गणेश कहलाता है। माता पार्वती उस बालक को आदेश देती हैं कि जब तक वे स्नान कर रही हों, किसी को भी भीतर प्रवेश न करने दिया जाए। बालक माता की आज्ञा को अपना परम कर्तव्य मानकर द्वार पर पहरा देने लगता है। इस प्रसंग के माध्यम से पं. तिवारी ने मातृआज्ञा और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व को रेखांकित किया।

इसी दौरान भगवान शिव कैलाश लौटते हैं और भीतर प्रवेश करना चाहते हैं, किंतु द्वारपाल बना बालक उन्हें रोक देता है। शिवगण बालक को समझाने का प्रयास करते हैं, पर वह अपने दायित्व से विचलित नहीं होता। व्यासपीठ से बताया गया कि कर्तव्य पालन में व्यक्ति पद, शक्ति या पहचान नहीं देखता, बल्कि अपने उत्तरदायित्व को सर्वोपरि मानता है। परिस्थितियां अंततः युद्ध में बदल जाती हैं। बालक की अद्भुत वीरता देखकर देवगण भी आश्चर्यचकित हो जाते हैं। संवाद के अभाव में उत्पन्न टकराव के कारण भगवान शिव बालक का मस्तक काट देते हैं। यह प्रसंग इस बात का संकेत है कि जब संवाद समाप्त हो जाता है, तब टकराव विनाश का कारण बनता है। जब माता पार्वती को इस घटना का पता चलता है, तो वे अत्यंत व्यथित और क्रोधित हो जाती हैं। उनका शोक इतना प्रबल हो जाता है कि सृष्टि का संतुलन डगमगाने लगता है। पं. तिवारी ने इसे मातृभाव और नारी शक्ति की अपार क्षमता का प्रतीक बताया।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए भगवान शिव माता पार्वती को शांत करते हैं और बालक को पुनर्जीवित करने का वचन देते हैं। गणों को उत्तर दिशा की ओर भेजा जाता है, जहाँ से वे हाथी का मस्तक लेकर आते हैं। भगवान शिव उस मस्तक को बालक के धड़ से जोड़कर उसे पुनर्जीवित कर देते हैं। इस प्रकार गजमुख गणेश का अवतरण होता है, जो शक्ति और बुद्धि का अद्भुत संगम है। अंत में भगवान शिव गणेश को गणों का अधिपति घोषित करते हुए उन्हें प्रथम पूज्य का वरदान देते हैं। उन्होंने कहा कि संसार का कोई भी शुभ कार्य गणेश पूजन के बिना पूर्ण नहीं होगा। इस प्रकार गणेश विघ्नहर्ता कहलाए। पं.तिवारी ने कहा कि गणेश जन्म कथा हमें कर्तव्यनिष्ठा, माता-पिता के सम्मान, संवाद के महत्व और करुणा से समाधान की सीख देती है।

# नगर में निकाली गई कलश यात्रा, 1544 महिलाएं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

कथा आयोजन समिति बसना के सदस्यों द्वारा कुंभ भरण पश्चात दिव्य और भव्य कलश यात्रा नगर में निकाली गई। जिसमें 1544 से अधिक मातृ शक्तियों ने सहभागिता निभाई। साथ ही कथास्थल पर संगीतमय भूमि शुद्ध पूजन ब्राह्मण एवं आचार्यगणों द्वारा किया गया। तत्पश्चात संपूर्ण बसना परिक्षेत्र से आए हुए शिव भक्त, माताएं-बहनें, बच्चे-बुजुर्ग एवं राहगीरों एवं नगरवासियों को भोजन भंडारा में अन्न प्रसाद खिलाया गया।

आयोजन समिति के राजेश साव, कपूरचंद साव, रमेश डड़सेना, भरत नायक, राहुल डड़सेना, रीतेश डड़सेना, संजय सिन्हा एवं राकेश डड़सेना ने बताया कि 12 जनवरी 2026 को भारत की सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने एवं समरसता के संदेश द्वारा समाज के सभी वर्गों को जोड़ने के शुभ उद्देश्य से वैदिक रीति अनुसार कुंभभरण एवं दिव्य कलश यात्रा निकालते हुए कथास्थल रायपुर रोड फुलझर पेट्रोल पंप बसना में भूमि शुद्ध पूजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। मातृ शक्तियों में महिला मंच से राधा डड़सेना माता दरबार, सुसीता साव, तंजु राजेश साव, धर्मशीला विवेक दास, सरिता रमेश डड़सेना, शोभा भरत नायक, सुनीता राजेश भारतीय आदि ने बताया कि भगवान शिव अपने भक्तों के समस्त समस्याओं का निवारण कर देते हैं। क्योंकि, भोलेनाथ मनुष्यों के साथ असुरों, भूत-प्रेत, पशु-पक्षी एवं सभी जीवों का उद्धार करने वाले हैं, उन्हीं का आशीष पाने समस्त श्रद्धालु सौभाग्यवती महिलाएं इस भव्य कलश यात्रा में शामिल हुई है। धर्म समाज एवं मानव सेवा के मूल्य को सुदृढ़ करने संरक्षक समिति में सांसद रूपकुमारी चौधरी, डॉ.संपत अग्रवाल विधायक बसना, चातुरी नंद विधायक सरायपाली, वरिष्ठ बीजेपी नेता ओमप्रकाश चौधरी एवं जसवंत सिंह सलूजा, मार्गदर्शक मंडल में सरिंदर सिंह मन्नू, रज्जू छाबड़ा, जगदीश लाल डड़सेना, महेंद्र साव राष्ट्रीय बजरंग दल, नंदलाल मिश्रा, सेवक दास दीवान, पोषराम धृतलहरे, अभय धृतलहरे, आरके दास, मनहरण सोनवानी, गौरीशंकर मानिकपुरी, अरुण साव, देशराज दास, सुकदेव वैष्णव आदि ने आयोजन की सराहना की।



सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के बसना नगर में होने जा रहे शिव महापुराण कथा आयोजन की तैयारी में

# नगर में विश्व हिंदू परिषद की प्रांत बैठक 16 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व हिंदू परिषद की प्रांत बैठक 16, 17, एवं 18 जनवरी को बागबाहरा रोड स्थित अंबेडकर मांगलिक भवन में आयोजित है। आयोजन को लेकर विश्व हिंदू परिषद महासमुंद की आवश्यक बैठक स्वाध्याय भवन में रखी गई। जिसमें बैठक को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपा गया।

बैठक में विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ के सभी विभाग मंत्री एवं सभी जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री, बजरंग दल के जिला संयोजक, मातृशक्ति के जिला संयोजिका, दुर्गा वाहिनी के जिला संयोजिका, सभी जिला के जिला सत्संग प्रमुख एवं विश्व हिंदू परिषद के सभी आयाम के प्रांत प्रमुख उपस्थित रहेंगे।

इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन प्रमुख जितेन्द्र पवार, छत्तीसगढ़ के प्रांत मंत्री पूर्णेंदू सिन्हा, सह प्रांत मंत्री नंदू साहू एवं मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय सत्संग प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, क्षेत्रीय सेवा प्रमुख विभूतिभूषण पांडे बैठक में उपस्थित रहेंगे। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के आगामी 6 महीने का कार्य योजना तैयार की जाएगी एवं विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की कार्य को गति प्रदान करने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश जारी की जाएगी। बैठक में पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग 300 कार्यकर्ता उपस्थित रहने की संभावना है। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद हर्षवर्धन चंद्राकर ने दी है।

## गायत्री शक्तिपीठ और मुढ़ेना में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**महासमुंद।** गायत्री परिवार द्वारा युवा संन्यासी एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। इसी क्रम में गायत्री प्रज्ञा पीठ मुढ़ेना में कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समन्वयक बोधराम साहू एवं हीरालाल साहू द्वारा दीप प्रज्वलन कर तथा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हीरालाल साहू एवं भारत साहू ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख किया तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृष लाल साहू, गेसूराम साहू, नेहरू साहू (महासमुंद), नरेश साहू, भारत साहू, साक्षी मेश्राम, जगमोहन साहू, परिब्राजक महादेव सहित आसपास के ग्रामों से आए युवा भाई-बहन एवं परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संध्याकालीन आरती के पश्चात गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में भी युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत प्रस्तुति के उपरांत नरेश साहू एवं भारत साहू द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला युवा प्रकोष्ठ के भारत साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में दिए गए उनके ऐतिहासिक संबोधन की जानकारी दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से युवाओं को प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में रिखीराम साहू, जगमोहन साहू, नरेश साहू, राधेश्याम सोनी, भारत साहू, कुमारेश श्रीवास्तव, धनीराम भूखन सहित अनेक युवा साथी उपस्थित रहे।

# गुड शेफर्ड में में रोसेयो स्थापना एवं राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया




**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का स्थापना एवं राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य "मैं नहीं, आप" के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला के डायरेक्टर डॉ जार्ज रावटे ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि युवाओं की शक्ति से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। शाला के प्राचार्य एम निवास राव ने युवाओं को अनुशासन, सेवा, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा भाषण, निबंध पाठ, विचार अभिव्यक्ति एवं प्रेरक संदेश प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित अपने विचार साझा किए। शाला की उप-प्राचार्य मिताली गुरुंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, सेवा भावना एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना है। हायर सेक्शन की सोनल एवं श्रेया गिलहरे ने अपने भाषण में कहा कि स्वामी विवेकानंद की जीवनी हमें देश के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा देती है। हम युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के आदर्श पर चलने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डाली शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, एनएसएस प्रभारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पाली के मड़ई मेला में शामिल हुए पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाली में मड़ई मेला का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद के पूर्व विधायक एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि डॉ. चोपड़ा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए डॉ. चोपड़ा ने कहा कि मड़ई मेला हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप का वह संगम है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है। आज के आधुनिक युग में भी जिस तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में इन परंपराओं को सहेज कर रखा गया है, वह प्रशंसनीय है। मड़ई के माध्यम से हम अपनी लोक कला और संस्कृति को आने वाली पीढ़ी को सौंपते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भगवान से मेरी यही प्रार्थना है कि यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि लेकर आए। अंत में उन्होंने कहा कि गांव की एकता ही विकास का असली आधार है, और ऐसे उत्सव उस एकता को और अधिक मजबूत करते हैं। मेले में आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक बाजार का आनंद लिया। सभी ग्रामवासियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया। इस दौरान ग्राम पंचायत पाली के सरपंच भुनेश्वर लोधी, भाजपा नेता देवलाल नेताम, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा उमाशंकर नेताम, सोसायटी अध्यक्ष पदुम साहू, योगेश्वर पटेल, जितेंद्र चंद्राकर, दीनदयाल साहू, विष्णु दीवान, तुलसीराम साहू, महारथी सोनी, धनीराम साहू, ईश्वर साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## प्रवासी भारतीय तथा विश्व हिंदी दिवस पर हुआ अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन

**महासमुंद।** मनुमुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रवासी भारतीय दिवस तथा विश्व हिंदी दिवस पर अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन आभासी स्तर पर किया गया, जिसमें छह महाद्वीपों के डेढ़ दर्जन साहित्यकारों और विद्वानों के साथ महासमुंद (छत्तीसगढ़) से विजय कुमार मिर्चे ने सहभागिता निभाई। 9 जनवरी 2026 को आयोजित इस कार्यक्रम में रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल (मध्यप्रदेश) में अंतरराष्ट्रीय हिंदी-केंद्र के निदेशक डॉ. जवाहर कर्णावट की अध्यक्षता में हुई। इस समारोह में अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद् नई दिल्ली के मानद निदेशक नारायण कुमार मुख्य अतिथि थे। वहीं केंद्रीय त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू (नेपाल) में हिंदी-विभाग की प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. श्वेता दीप्ति विशिष्ट अतिथि और विश्व बैंक वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) की वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ. एस. अनुकृति स्वागताध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहीं। उद्योग विस्तार अधिकारी डॉ. सुनील भारद्वाज द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-गीत के उपरांत ट्रस्टी डॉ. कांता भारती के प्रेरक सान्निध्य और डॉ. पंकज गौड़ के कुशल संचालन में संपन्न हुए इस समारोह के प्रारंभ में चीफ ट्रस्टी डॉ. रामनिवास मानव ने विषय-प्रवर्तन करते हुए हिंदी के वैश्विक विस्तार को अपने एक दोहे के माध्यम से इस प्रकार रेखांकित किया। उल्लेखनीय है कि लगभग अढ़ाई घंटों तक चले इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में विजय कुमार मिर्चे ने अपनी रचना "चमकूंगा एक दिन आसमान में तारा बनकर व तुम्हें लिख दूँ." जैसे समसामयिक कविताओं से अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए। साथ ही शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राजनीति विज्ञान विभाग में कार्यरत हैं। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी विजय कुमार मिर्चे ने 43 राष्ट्रों के प्रतिनिधि कवियों के साथ अपनी प्रस्तुति दे चुके है। इस कार्यक्रम में सिडनी (आस्ट्रेलिया) के प्रगीत कुंअर और डॉ. भावना कुंअर, सिंगापुर सिटी (सिंगापुर) की आराधना झा श्रीवास्तव, दोहा (कतर) के डॉ. बैजनाथ शर्मा, अकरा (घाना) की मीनाक्षी सौरभ, सोफिया (बुल्गारिया) की डॉ. मोना कौशिक, स्टॉकहोम (स्वीडन) के सुरेश पांडे, पोर्ट ऑफ स्पेन (ट्रिनिडाड) की आशा मोर तथा भारत से डॉ. सत्यवान सौरभ (हिसार), डॉ. मुकुट अग्रवाल (रेवाड़ी) एवं डॉ. रामनिवास मानव, डॉ. जितेंद्र भारद्वाज और डॉ. पंकज गौड़ (नारनौल) आदि कवियों ने काव्य-पाठ द्वारा कार्यक्रम को नई ऊंचाई प्रदान की, जिसे देश-विदेश के श्रोताओं की भरपूर सराहना मिली। इस उपलब्धि पर तरुण व्यवहार उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बाग़बाहरा, सोमनाथ टोंडेकर, रामनारायण जांगड़े, करन मार्कंडेय, नेहा बघेल आदि हर्ष जताया है।



## जिला स्तरीय गौधाम समिति की हुई बैठक घुमंतू पशुओं के संरक्षण पर दिया जोर

**महासमुंद।** प्रदेश में निराश्रित, घुमंतू तथा कृषिक पशुओं के संरक्षण, संवर्धन एवं विस्थापन के लिए शासन द्वारा गौधाम योजना स्वीकृत की गई है। इसी कड़ी में योजना के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जिला स्तरीय गौधाम समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू मौजूद रहे। बैठक में गौधाम के संचालन, संबंधित संस्था के चयन तथा उनके दायित्वों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जानकारी दी गई कि प्रत्येक विकासखंड में गौठानों का चयन कर गौधाम स्थापना के लिए प्राप्त आवेदनों को विकासखंड समिति की अनुशंसा के साथ जिला स्तरीय समिति एवं कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला स्तरीय समिति एवं कलेक्टर की अनुशंसा के उपरांत प्रस्ताव छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग, रायपुर को प्रेषित किए जाएंगे। जिले में अब तक कुल 14 ग्रामों से गौधाम स्थापना हेतु आवेदन छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग, रायपुर को भेजे जा चुके हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि घुमंतू पशुओं को प्राथमिकता के आधार पर सड़कों से हटाकर गौधामों में सुरक्षित रखा जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही गौधाम समिति के अध्यक्ष द्वारा गौधामों को रोजगार के केंद्र के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।



## सरायपाली में राइस मिल में बड़ी कार्रवाई, 61,203 बोरा धान की कमी, उपलब्ध स्टॉक जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में राइस मिलों का भौतिक सत्यापन सतत जारी है। इसी क्रम में सरायपाली विकासखंड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद के नेतृत्व में बालोदिया राइस मिल में भौतिक सत्यापन (पीवी) के दौरान 61,203 बोरा धान की कमी दर्ज की गई। अवैध धान एवं चावल के भंडारण पर खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बालोदिया राइस मिल में भौतिक सत्यापन (पीवी) के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई। जांच में राइस मिल में 61,203 बोरा धान की कमी दर्ज की गई। भौतिक सत्यापन के दौरान राइस मिल परिसर में उपलब्ध 2328 क्विंटल चावल (4656 बोरा) तथा 37759.6 क्विंटल धान (94,399 बोरा) पाया गया। धान की अत्यधिक कमी पाए जाने पर उपलब्ध धान एवं चावल के संपूर्ण स्टॉक को जप्त कर लिया। जप्ती की कार्रवाई आगे की कानूनी प्रक्रिया एवं विस्तृत जांच के अधीन रखी गई है। जिला प्रशासन ने कहा है कि जिले में धान खरीदी एवं भंडारण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाइयां लगातार जारी रहेंगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले राइस मिल संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# आत्मानंद कॉलेज में हुआ स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में एसआईआर-2026 के अंतर्गत स्वीप कार्य योजना के तहत 10 जनवरी 2026 से विभिन्न मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिकाधिक नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने मेरा वोट-मेरा अधिकार, पहले मतदान, फिर जलपान, लोकतंत्र की शक्ति-जागरूक मतदाता जैसे संदेशों को रंगों और रचनात्मकता के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की प्रभारी अधिकारी माधुरी दीवान (अतिथि व्याख्याता, वाणिज्य) एवं खुशी वर्मा (अतिथि व्याख्याता, भौतिकी) रहीं। द्वितीय दिवस 14 जनवरी 2026 को तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व, युवाओं की भूमिका, निष्पक्ष चुनाव और जागरूक मतदाता जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने भाषणों में कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य है तथा एक-एक वोट देश की दिशा बदल सकता है। कुछ विद्यार्थियों ने यह भी कहा कि आज का युवा अगर जागरूक हो जाए, तो लोकतंत्र और अधिक सशक्त बन सकता है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जागरूक मतदाताओं पर निर्भर करती है। प्रत्येक नागरिक का एक-एक वोट राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। युवा वर्ग को आगे आकर न केवल स्वयं मतदान करना चाहिए, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के भीतर जिम्मेदारी, नेतृत्व और राष्ट्रप्रेम की भावना को विकसित करते हैं। कार्यक्रम में मंचासीन के रूप में प्रतिमा चंद्राकर (सहायक अध्यापक, हिंदी), रवि देवांगन (सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र) एवं तरुण बांधे (सहायक प्राध्यापक एवं वाणिज्य संकाय प्रमुख) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरिशंकर नाथ (अतिथि व्याख्याता, राजनीति विज्ञान) ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस मैथ्यू समाजशास्त्र, आलोक हिरवानी (कंप्यूटर साइंस), चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, माधुरी दीवान वाणिज्य, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर एवं समस्त छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा गया कि वे आगे भी इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाते रहें। संपूर्ण आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

**खबर संक्षेप**

## पिकअप में सिलेंडर ब्लास्ट मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बीते दिनों एनएच 53 में पिकअप में भरी सिलेंडर में आग लगने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी जाधव प्रधान पिता रोहित प्रधान (30 साल) बरडीह थाना बसना ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह बीएससीपीएल कंपनी छुईपाली टोल प्लाजा में कार्यरत हैं। 12 जनवरी को वह पेट्रोलिंग करते हुए सिंघोड़ा की ओर जा रहा था, छुईपाली चौक हेमंत वस्त्रालय के पास पहुंचने पर दखा कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजेड 9485 में एलपीजी सिलेंडर कुल 50-60 नग भरकर सिंघोडा की तरफ से सरायपाली की ओर जा रहा था। इसी दौरान आग लगने से सिलेंडर फटने लगे, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग में आने जाने वाले लोगों, वाहनों, आसपास के घरों तथा दुकानों में रहने वाले लोगों के लिए संकट उत्पन्न हो गया। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग में करीब 06-07 घंटों तक आवागमन बाधित रहा। उक्त वाहन के चालक ने पूछताछ में अपना नाम शैलेंद्र सिंह चौहान तथा अपने साथी का नाम विकेश चौरसिया दोनो निवासी मंदिर हसौद जिला रायपुर का होना बताया। वाहन स्वामी का नाम मनीष नाबरिया निवासी करन नगर चंगोरा भांठा जिला रायपुर का होना बताया। आग की चपेट में आने से वाहन चालक शैलेंद्र सिंह चौहान के दोनों हाथ और चेहरे झुलस गए। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में धारा 110, 125(ए), 87, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## अखाद्य रंग के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों में जलेबी रंग के नाम से उपयोग किए जा रहे अखाद्य रंगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा गोल बाजार महासमुंद स्थित खाद्य परिसरों एवं किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 4 फर्मों में अखाद्य मेटानिल येलो रंग विक्रय के लिए रखा पाया गया जिसमें बाजार वार्ड महासमुंद के मेसर्स आदित्य एजेंसी, मेसर्स बिंदेश्वरी किराना, मेसर्स महालक्ष्मी किराना एवं मेसर्स हरे माधव ट्रेडर्स शामिल है। उक्त सभी दुकानों से कुल 51 नग अखाद्य मेटानिल येलो रंग बरामद किया गया। खाद्य कारोबारियों को नियमानुसार समझाइश देते हुए मौके पर ही समस्त अखाद्य रंगों को नष्ट कराया गया।

## कांग्रेस ने गुरमीत के हाथ सौंपी शहर की कमान

**महासमुंद।** उदयपुर नव संकल्प घोषणा को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं, एआईसीसी पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा पश्चात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव सचिन पायलय ने महासमुंद जिले के ब्लॉकों के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिसके अनुसार महासमुंद शहर गुरमीत चावला, महासमुंद ग्रामीण अन्नु चंद्राकर, पिथौरा करण सिंह दीवान, बागबाहरा देवभान साहू, सरायपाली तेजराम पटेल, बसना विजय कुमार साहू,खिलावन साहू, मधुसूदन साहू, खेमराज सिंहा, घसिया सिदार, लखबीर छाबड़ा को नियुक्त किया गया है।

# हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने दिया सामाजिक समरसता और राष्ट्र संगठन का संदेश

**ग्राम सरफोंगा में तुलसी मानपुर मंडल द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम सरफोंगा में तुलसी मानपुर मंडल द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सरफोंगा, अल्दा, परसदा, बोईझीटी, विश्रामपुर और मानपुर सहित आसपास के ग्रामों के हिंदू समाज के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

प्रेमलता बिसेन प्रांतीय उपाध्यक्ष, विहिप मुख्य वक्ता के रूप में उन्होंने संघ स्थापना के इतिहास सहित बिरसा मुंडा और अहिल्या बाई होल्कर जैसी महान विभूतियों की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में पंच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता और पर्यावरण अपनाने पर जोर दिया।






**मातृशक्ति की भारी संख्या में उपस्थित रही**

सम्मेलन में विभिन्न समाजों के प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों का श्रीफल व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन समाजसेवी एवं स्वयंसेवक संदीप वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सर्व हिंदू समाज के नागरिक और मातृशक्ति भारी संख्या में उपस्थित रहे।

साध्वी नागेश्वरी दीदी मुख्य अतिथि गौरखेड़ा आश्रम ने नशाखोरी के खिलाफ मातृशक्ति को आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम और धर्म के मार्ग पर चलकर ही भारत पुनः विश्व गुरु बनेगा।

डोमार वर्मा ने नारी शक्ति की महिमा बताते हुए कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां राष्ट्र और नदियों को माता माना जाता है। उन्होंने यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः के महत्व को समझाया।

भारती ठाकुर ने दुर्गा वाहिनी की प्रदेश उपसंयोजिका ने हिंदू समाज को मानवता के रक्षक के रूप में एकजुट होने का दायित्व समझाया।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्य स्तरीय युवा संवाद और नेतृत्व विकास कार्यशाला हुई

# युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देता है स्वामी विवेकानंद के आदर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्य स्तरीय युवा संवाद एवं नेतृत्व क्षमता विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन जिला ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य युवा शक्ति, संवाद और नेतृत्व के माध्यम से विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं विशिष्ट आतिथ्य में सामाजिक कार्यकर्ता नारायण नामदेव, वरिष्ठ प्राध्यापक एवं सामाजिक कार्यकर्ता टोपलाल वर्मा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा एवं डॉ. सनम जांगडे, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, विजय केशरवानी, चेंबर ऑफ कॉमर्स पूर्व अध्यक्ष जुगल भट्टर तथा पुष्पराज वर्मा शामिल रहे। मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित युवाओं का अभिनंदन करते हुए सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों एवं सहभागियों को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय युवा दिवस को प्रेरणादायी बताते हुए कहा स्वामी विवेकानंद के आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देते हैं। उन्होंने युवाओं से नेतृत्व क्षमता विकसित कर समाज और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।








कार्यक्रम में विभिन्न अतिथियों ने उद्बोधनों के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों को साझा करते हुए छात्र-छात्राओं को नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व निर्माण एवं क्षमता विकास के लिए प्रेरित किया। पुष्पराज वर्मा ने अपने छात्र जीवन से लेकर कार्यक्षेत्र तक के अनुभव साझा कर सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण सूत्र बताए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत बसंत वीर उपाध्याय द्वारा प्रेरक व्याख्यान के साथ रामलीला आधारित नृत्य प्रस्तुति दी। पंडवानी गायिका दुर्गा साहू एवं उनकी मंडली निनवा, तिल्दा-नेवरा ने पंडवानी की मनमोहक प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ की लोककला को उजागर किया। विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा लोक नृत्य भी प्रस्तुत किए गए।समापन समारोह में अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण एवं सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यशाला में राज्य के 9 एनएसएस युक्त विश्वविद्यालयों से 33 जिलों के 900 से अधिक छात्र-छात्राओं सहित कुल 1200 से अधिक लोगों की सहभागिता रही। अंत में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी एवं जिला संगठक नरेंद्र देव मिर्झा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## भानु प्रताप बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के नए अध्यक्ष



**सुहेला।** लंबे समय से अटकी हुई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की सूची आखिरकार जारी कर दी गई, जिसमें सुहेला ब्लॉक से जनपद सदस्य भानु प्रताप वर्मा को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही पूरे अंचल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। भानु प्रताप वर्मा को अध्यक्ष बनाए जाने को संगठन की मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलने और जमीनी स्तर पर पार्टी को और अधिक सशक्त करने की उम्मीद जताई जा रही है। दिनभर उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा, जहां कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

बधाई देने वालों में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भुनेश्वर वर्मा, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, डॉ. फारुकी, सरपंच गजेंद्र वर्मा, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, रेवाराम साहू, बिहारी खुटे, उप सरपंच देवा धृतलहरे, जितेंद्र वर्मा, लेखराम वर्मा, संदीप पांडे, शैलेश, नितिन त्रिवेदी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहे। इस अवसर पर भानु प्रताप वर्मा ने सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

## भारत माता सेवा ट्रस्ट ने स्कूल में आयोजित किया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत माता सेवा ट्रस्ट द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर युतिका सुपुत्री संगीता धर्मवीर धुरंधर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शुक्लाभाठा के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत बच्चों को जनपद पंचायत बलौदाबाजार के उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य, भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर की अध्यक्षता में न्योता भोज का आयोजन किया गया। सभी बच्चों को न्योता भोज में दाल, चावल, सब्जी, सलाद के अलावा खीर, पूरी, बालूशाही, केला व तिल की लड्डू का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सुमन वर्मा ने कहा कि भारतीय परंपरा के ऐसे त्योहारों का आयोजन स्कूलों में सामूहिक रूप से किया जाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए टेसूलाल धुरंधर ने कहा कि न्योता भोज न केवल पौष्टिक आहार का वितरण है, अपितु भाई-चारा और समरसता का जीता-जागता प्रमाण भी है। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से प्रधानपाठक को भारत माता का छायाचित्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सेवा निवृत्त प्रधान पाठक पदुमलाल बंजारा, योगेश वर्मा, धर्मवीर धुरंधर, समन्वयक शिवकुमार वर्मा, प्रधानपाठक रेखा ध्रुव, उषादेवी धुरंधर, हरिकिशन वर्मा, प्रमीला वर्मा, अनीता रानी शर्मा, संगीता धुरंधर, चित्रलेखा श्रेय, कुंजबिहारी निराला, विमला वर्मा एवं स्कूल स्टाफ व बच्चों की ओर से पुष्प वर्षा कर युतिका को बधाई दी गई।

## जल अर्पण दिवस पर स्वच्छ पेयजल के लिए लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकासखंड बलौदाबाजार में जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत सेम्हाराडीह में जल अर्पण दिवस का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं, स्व-सहायता समूह की सदस्यों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




इस अवसर पर जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों की स्वच्छता तथा जल का विवेकपूर्ण उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। सरपंच प्रमिला वर्मा ने कहा कि जल अर्पण दिवस हमारे गांव के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे हमें अपनी जल आपूर्ति व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वयं लेने का अवसर मिला है। जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाना तभी संभव है जब हम सभी मिलकर जल संरक्षण, रखरखाव और सही उपयोग के लिए सतत प्रयास करेंगे। जिला समन्वयक मनोज कुमार राठौड़ एवं राजकुमार कोसले ने जल जीवन मिशन एवं जल संरक्षण पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ग्राम जल स्वस्च्छता समिति के उपाध्यक्ष लोकेश्वरी साहू, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ऑनलाइन टोकन बंद करना किसानों के साथ अन्याय, व्यवस्था बहाल करे सरकार

**बलौदाबाजार।** जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने धान खरीदी प्रक्रिया को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने ऑनलाइन टोकन व्यवस्था को तत्काल बहाल करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर धान खरीदी की राह में रोड़े अटका रही है। ठाकुर ने कहा कि अधिकांश समितियों में 30 जनवरी तक के टोकन फुल हो चुके हैं और अब ऑनलाइन सुविधा बंद कर दी गई है। इससे किसान समितियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। जिले में पंजीकृत 1.66 लाख किसानों में से अब तक केवल 1.10 लाख किसानों का धान खरीदा गया है। लगभग 56 हजार किसान अभी भी अपनी उपज बेचने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रतिदिन खरीदी की लिमिट घटा रही है और भौतिक सत्यापन के नाम पर अव्यावहारिक शर्तें थोप रही है ताकि किसानों को पूरा धान बेचने से रोका जा सके। टोकन न मिलने के कारण समितियों में किसानों और कर्मचारियों के बीच विवाद और मारपीट की नौबत आ रही है, जिसका जिम्मेदार उन्होंने शासन को ठहराया। पूर्व जिला अध्यक्ष ने मांग की है कि ऑनलाइन टोकन व्यवस्था को फिर से शुरू किया जाए। प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाए ताकि शेष 12 दिनों में सभी किसान अपनी फसल बेच सकें। रकबा समर्पण और सत्यापन के नाम पर किसानों को परेशान करना बंद किया जाए।



## दशरमा में वी बी जी राम जी योजना में 130 ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार



**रिसदा।** जिले से लगे ग्राम पंचायत दशरमा में जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा अर्चना एवं श्रीफल तोड़कर वीबी रामजी योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के शुरुआत में ग्राम के तीन वार्डों के 130 हितग्राहियों रोजगार मिल रहा है। वी बी जी राम जी योजना अंतर्गत काम मिलने से गांव में उल्लास है। जानकारी अनुसार योजना में नाला गहरीकरण कार्य किया जाएगा, जिसकी लागत राशि 9.30 लाख है। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच मधु नीलकंठ साहू, जनपद सदस्य जगमोहन घृतलहरे, पंचगण शिवदयाल यद्धु, रूपलाल साहू, बाबू लाल, मन्नू लाल, रोजगार सहायक भैय्या राम कुर्रे, हितग्राही मोहनदास, सुभाष, रामराय, अमीन एवं समस्त हितग्राही ग्रामवासी दशरमा सम्मिलित हुए।

**पेज 9 के शेष**

### मकर संक्रांति पर...

और कड़ी मेहनत से सफलता के नए आयाम स्थापित करें। उन्होंने बच्चों को त्यौहार की बधाई देते हुए सुरक्षित तरीके से पर्व मनाने की सीख भी दी। इस आयोजन ने बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया।

### नगर में सिख...

से जीवन में उन्नति संभव है। उन्होंने कहा कि लोहड़ी पर्व सामाजिक समरसता को मजबूत करता है तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है। यह पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है, जो समाज की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### शिवसेना हिन्दू राष्ट्र...

सनत देवांगन, विधानसभा सचिव आत्माराम नेताम, सिमगा नगर अध्यक्ष वैभव चौबे, भाटापारा नगर अध्यक्ष रामू यादव, सुहेला ब्लॉक अध्यक्ष राजेश्वर जांगड़े, नवागढ़ ब्लाक अध्यक्ष श्यामलाल सेन, उपाध्यक्ष गणेशराम वर्मा, शिव कुमार वर्मा आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।

**पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला का प्रथम दिवस**

# पंडवानी प्रस्तुति ने जीता श्रद्धालुओं का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

धर्मनगरी भाटापारा में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला का शुभारंभ भव्यता और श्रद्धा के साथ हुआ। मेले के प्रथम दिवस भजन सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रथम दिवस के कार्यक्रम में देवनाथ कुंभकार (सिमगा), युवा कल्याण संघ (बिलासपुर), शकुंतला साहू (मादर जस गीत), गणेश मानस मंडली (ग्राम कड़ार) सहित मधु अग्रवाल, सुधा गुप्ता, नंदा यादव (झांसी, मध्यप्रदेश) ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं की खूब वाहवाही लूटी। विशेष रूप से पंडवानी गायिका पुष्पा निषाद की पंडवानी प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इससे पूर्व भव्य मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जो सती मंदिर से प्रारंभ होकर सदर बाजार, गोविंद चौक, जय स्तंभ चौक, कांग्रेस भवन होते हुए रामलीला मैदान तक पहुंची। यात्रा के दौरान विभिन्न समाजों एवं संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। मंगल कलश यात्रा में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने श्रद्धा भाव से सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सलधा (बेमेतरा) स्थित शंकराचार्य आश्रम के परम पूज्य डांडी तपस्वी मज्योति मर्यानंद महाराज खुले वाहन पर सवार होकर उपस्थित धर्मप्रेमी भाई-बहनों को आशीर्वाद प्रदान करते नजर आए। विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विधाओं से सुसज्जित यह पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला अत्यंत भव्य स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के अंतर्गत भजन सभा, मानस प्रवचन, संतवाणी सभा, सांस्कृतिक संध्या, कवि सम्मेलन एवं राम उत्सव सहित रामचरित मानस पर आधारित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति./2026
बिलासपुर, दिनांक 06/10/2026

श्री अक्षय कुमार आत्मज श्री फिरतराम देवांगन उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम टुण्डरा, वा. क्र. 02, थाना गिधौरी तहसील टुण्डरा जिला बलौदाबाजार छ.ग. एवं कुमारी प्रीति देवांगन पिता श्री शंकर देवांगन निवासी तेलीपारा आजाद नगर वा. क्र. 18 सोनी गली बिलासपुर थाना सिटी कोतवाली तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति / दावा इस कार्यालय में दिनांक 12.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपति दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



अक्षय कुमार प्रीति देवांगन

(एम.एस. दुबे)
अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
09 जनवरी 2026
SHOW TIME
द राजा साब
शो समय - 12:00, 3:00, 6:30, 9:00 PM
धुरंधर
शो समय - 03:30 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# अवरेठी और पटपर तालाब सौंदर्यीकरण के लिए पहली किश्त जारी

## नगर के दोनों तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए मिली है 1-1 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अवरेठी तालाब एवं पटपर तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 1–1 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है। स्वीकृत राशि में से 40–40 लाख की प्रथम किस्त जारी हो चुकी है, जिससे कार्यों के शीघ्र आरंभ का मार्ग प्रशस्त हुआ है। वर्षों से नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित इस मांग के पूर्ण होने से भाटापारा में सकारात्मक उत्साह और नई उम्मीदों का वातावरण निर्मित हुआ है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भाटापारा शहर की इस महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन और दूरदर्शी सोच के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को मूर्त रूप देने हेतु निरंतर सक्रिय सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के सतत, समर्पित एवं प्रभावी प्रयासों के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट की। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व भाटापारा शहर में निरंतर विकास की नई गति देखने को मिल रही है। उनके कार्यकाल में नगर के सौंदर्यीकरण, अधोसंरचना विकास, स्वच्छता, जल-संरक्षण एवं जनसुविधाओं के विस्तार को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर उनकी दूरदर्शी सोच ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाई है।



### सर्वोच्च सुविधा मिलेगी

भाटापारा शहर के समग्र विकास, पर्यावरण संरक्षण और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवरेठी एवं पटपर तालाब का सौंदर्यीकरण न केवल शहर की पहचान को नई ऊंचाई देगा, बल्कि जल-संरक्षण और स्वच्छ वातावरण की दिशा में भी एक सशक्त कदम सिद्ध होगा। सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से भाटापारा को एक स्वच्छ, सुंदर और विकसित नगर के रूप में स्थापित करने के लिए हम निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

## खबर संक्षेप

### साबर में कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**सेल।** ग्राम पंचायत साबर में 16 से 17 जनवरी तक दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया हैं। इसके मुख्य अतिथि लीजा सिद्धांत मिश्रा, जनपद सदस्य विशिष्ट दुर्गा ओमप्रकाश वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत साबर भरत दास मानिकपुरी, सरपंच छरछेद धीरज बाजपेई, अध्यक्ष कबड्डी संघ बलौदाबाजार विशिष्ट अतिथि हेमलाल साहू, सचिव ग्राम पंचायत साबर अनंदराम साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत साबर योगीराज पैकरा, शिक्षक विजयलक्ष्मी राजेश साहू, रोजगार सहायिका मंगलेश्वर कैवर्त्य मोतीपुर, रामकुमार साहू, दीनदयाल पैंकरा, जय तुरीबैगा महराज आदि शामिल हैं।

### कनकी में मड़ई मेला कल

**खरोरा।** नववर्ष के शुभ अवसर पर ग्राम कनकी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य मड़ई मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 16 जनवरी को ग्राम के समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार मड़ई मेला ग्राम कनकी की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल होंगे। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुज शर्मा विधायक धरसीवां विधानसभा उपस्थित रहेंगे, वहीं अध्यक्षता नवीन अग्रवाल जिला अध्यक्ष रायपुर करेंगे, विशिष्ट अतिथि के रूप में टिकेश्वर मनहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा एवं सुशील जांगड़े जनपद सदस्य तिल्दा शामिल होंगे। मड़ई मेले के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे से स्कूल चौक, कनकी में होगी। इस अवसर पर प्रसिद्ध स्टार नाइट कलाकार सुनील सोनी द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजन समिति में दुर्गेश वर्मा अध्यक्ष, धर्मेंद्र चौहान उपाध्यक्ष, लोकेश वर्मा सचिव, अनेश्वर वर्मा कोषाध्यक्ष एवं मनोज वर्मा सह-सचिव सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## निधन

### प्रभाशंकर बाजपेयी



**बलौदाबाजार।** प्रभाशंकर बाजपेयी वरिष्ठ अधिवक्ता का निधन हो गया। वे स्व. गणेशशंकर बाजपेयी पूर्व विधायक, डॉ. रमाशंकर बाजपेयी, डॉ. किरणशंकर बाजपेयी के भाई थे। अभिलाष बाजपेयी (डम्पू) के पिताजी थे। अंतिम यात्रा 15 जनवरी को सुबह 9.30 बजे निज निवास हाई स्कूल के सामने से रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में किया जायेगा।

## प्रवचन : गिधौरी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य आयोजन

# बाजे-गाजे के साथ निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



चित्रोत्पला महानदी किनारे त्रिवेणी संगम के पास ग्राम गिधौरी में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बजरंगबली मंदिर वट विश्राम में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा आयोजन किया गया है। 14 जनवरी मकर संक्रांति पर बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा जो वट विश्राम से निकलकर गिधौरी शिवरीनारायण रोड बस स्टैंड से महानदी का जल भरकर वापस वट विश्राम पहुंचे। इसमें कथा वाचक ओमप्रकाश शर्मा ग्राम खरौद जिला जांजगीर चांपा होंगे तथा पं. पुजारी मुकेश शर्मा होंगे। जजमान के लिए इस वर्ष चंद्रहास साहू एवं लीला साहू बैठेंगे। कथा में प्रथम दिवस पर कलश यात्रा एवं कलश स्थापना किया जावेगा। द्वितीय दिवस परीक्षित जन्म एवं शाप, लीलावतिरो की कथा, तृतीय दिवस कपिल अवतार, शिव सती चरित्र ध्रुव चरित्र राजावैन, पृथु की कथा, पुरंजन उपाख्यान, चतुर्थ दिवस जड़भरत कथा, अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, नृसिंह अवतार, पंचम दिवस पर गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन वामन अवतार, गंगा अवतार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, षष्ठम दिवस में पूतना, माखन चोरी लीला, गोवर्धन धारण, महारास, कंस वध मुचुकुंद की कथा, रुखमणी मंगल, सप्तम दिवस पर प्रद्युम्न जन्म, स्वामंतक मणि की कथा, भगवान के अन्य विवाह, जरासंघ वध, सुदामा चरित्र, यदुवंश विप्रशाप, अष्टम दिवस पर धर्म वर्ण संख्या सिद्धांत, भगवान का युग वर्णन परीक्षित मोक्ष अन्य कथा एवं चढोतरी, नवम दिवस पर सहस्त्रधारा, आरती, तुलसी वर्षा, ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा तथा समापन होगा। यह श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन ग्राम के व्यापारी बंधु एवं ग्रामवासियों द्वारा किया गया है।

### शिव महापुराण कथा के समापन पर हवन में डाली गई आहुति



**सेल।** ग्राम सेल में 5 से 13 जनवरी तक शिव महापुराण कथा हुई। 13 जनवरी को दोपहर 1 बजे हवन पूजन के साथ आहुति डाली गई। रोज सुबह पार्थिव शिवलिंग में रुद्राभिषेक दुग्ध महाभिषेक जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। जिसमें गांव के युवतियों एवं महिलाओं ने पार्थिव शिवलिंग में पूजा अर्चना कर आशिर्वाद प्राप्त किया। पं. घनश्यामानंद पांडेय द्वारा कथा श्रवण पान कराया गया। आयोजक मित्र मंडल सेवा समिति आयोजक सत्यनारायण जायसवाल, अनुप कुमार कैवर्त्य, संतोष साहू, अजय जायसवाल, दिनेश साहू, फागुलाल साहू, चंद्रभान जायसवाल, मोहन जायसवाल, लखन कैवर्त्य, संतोष जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, मोहन जायसवाल, उमाशंकर साहू, सेवानिवृत प्रधानपाठक बैगा बुंदराम वर्मा सहित समस्त मोहल्लावासी के सहयोग से संगीतमय शिव महापुराण कथा का समापन हुआ।

### भागवत कथा में प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

भवानीपुर। ग्राम सिसदेवरी में सरस्वती महिला रामायण मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में कथावाचक पं. योगेश वत्स द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा है, जबकि पारायण कर्ता के रूप में युवराज शर्मा एवं कुंदन शर्मा अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कथा स्थल को फूलों और आकर्षक लाइटों से भव्य रूप दिया गया है। प्रतिदिन कीर्तन मंडली द्वारा गाजे-बाजे के साथ विद्वानों को उनके निवास से कथा स्थल तक लाया जाता है। महिला मंडली द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था की गई है। कथा के दौरान पं. योगेश वत्स ने अजामिल उपाख्यान का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे घोर पापों में लिप्त रहने के बाद भी, अंतिम समय में अनजाने में अपने पुत्र 'नारायण' का नाम पुकारने मात्र से अजामिल को मोक्ष की प्राप्ति हुई। पंडित जी ने कहा भगवान का नाम अत्यंत शक्तिशाली है, जो अनजाने में लेने पर भी पापों का नाश करता है। सनातन धर्म का पालन करें, गौ माता की रक्षा करें और बच्चों को संस्कारवान बनाएं। नियमित भक्ति करने वालों पर कलयुग का प्रभाव नहीं पड़ता। इस अवसर पर मुख्य रूप से परीक्षित कृष्ण कुमार चंद्राकर (पूर्व अध्यक्ष, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, रायपुर), पं. उमाशंकर तिवारी, राधे चंद्राकर, भोजराम चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं। क्षेत्र के श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।



# भड़हा की मड़ई में जराही-बराही माता का दर्शन करने पहुंचे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

तिल्दा विकासखंड के ग्राम भड़हा स्थित जराही-बराही माता मंदिर परिसर में मकर संक्रांति पर्व पर विशाल मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन को ग्राम प्रमुख एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य रूप दिया गया। यह मड़ई मेला क्षेत्र में आस्था और परंपरा का प्रमुख केंद्र माना जाता है। मंदिर की विशेषता यह है कि इसके समीप भिभौरा स्थल स्थित है, जहां इच्छाधारी नाग-नागिन के वास की मान्यता है।

ग्रामवासियों के अनुसार यहां नवरात्रि पर्व पर ज्योत प्रज्वलित की जाती है तथा सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर परिसर के पास स्थित एक पवित्र वृक्ष की लकड़ी को जलाया नहीं जाता। मान्यता है कि मंदिर क्षेत्र में कोई भी अनुचित या अपवित्र कार्य करने पर व्यक्ति बिना पूजा-पाठ के स्वस्थ नहीं हो पाता। गांव में जहां भी सर्प पकड़ा जाता है, उसे सुरक्षित रूप से इसी मंदिर के पास छोड़ा जाता है और आज तक मंदिर के सर्पों द्वारा किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। गांव के वरिष्ठ नागरिक रामनारायण चंद्राकर, गुलजारी लाल चंद्राकर, शत्रुघ्न लाल चंद्राकर एवं फेकू साहू ने बताया कि भिभौरा की पूजा परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। मंदिर के पुजारी सुखदेव शर्मा द्वारा नियमित पूजा-अर्चना की जाती है। मेला देखने दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में यादव भाइयों द्वारा कर्मा, ददरिया, सुवा जैसे लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की सुंदर झलक दिखाई और दर्शकों ने जमकर सराहना की। इस अवसर पर रामनारायण चंद्राकर, गुलजारी चंद्राकर, शत्रुघ्न चंद्राकर, लोकनाथ चंद्राकर, रोशन चंद्राकर, बिसहत, साहू गणेश यादव एवं राधे धीवर ने कहा कि मेले में लोगों का उत्साह अत्यंत सराहनीय रहा। यह आयोजन ग्राम भड़हा के लिए गौरव की बात है और ऐसी परंपराएं सदैव बनी रहनी चाहिए। कार्यक्रम में सरपंच सहित ग्राम पंचायत भड़हा के पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरपंच की पहल पर सेमरिया में खुली नई उचित मूल्य दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



सेमरिया, कोसमरा क्षेत्र में पूर्व में संचालित संयुक्त उचित मूल्य दुकान में चार ग्रामों के राशन कार्डधारी शामिल होने के कारण उपभोक्ताओं की संख्या अत्यधिक हो गई थी। इसके चलते राशन कार्डधारियों को घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता था और उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जनता की इस गंभीर समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत सेमरिया के सरपंच वीरेन्द्र कुमार साहू द्वारा पहल करते हुए उचित मूल्य दुकान का विभाजन कराया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सेमरिया के लिए अलग उचित मूल्य दुकान का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने नई उचित मूल्य दुकान खुलने पर खुशी जाहिर करते हुए सरपंच एवं पंचायत प्रशासन का आभार व्यक्त किया। नई दुकान के खुलने से अब ग्रामवासियों को समय पर एवं सुचारू रूप से राशन सामग्री प्राप्त हो सकेगी, जिससे उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ है।

# रवि बंजारे पलारी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



प्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठन की ओर से प्रदेश में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति बाद ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति की है, जिसमें पलारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष की जिम्मेदारी रवि बंजारे को सौंपी है। रवि बंजारे वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य व गिधपुरी मंडल अध्यक्ष हैं। वहीं सेवा दल के ब्लॉक अध्यक्ष रह चुके हैं तथा ग्राम लटेरा के पूर्व सरपंच है। श्री बंजारे ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक संदीप साहू, जिला अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार मानते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करने की बात कही है। रवि बंजारे के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष प्रकट किया।

# भाजपा अजा मोर्चा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन




भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मण्डल की बैठक नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चरणदास तेहरवंश के मुख्य आतिथ्य भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बाघमार की अध्यक्षता और जिला उपाध्यक्ष नंद कुमार वर्मा, जिला मंत्री शिव कटारिया, पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन धीकड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम बघेल के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई।

बैठक में ज़िलाध्यक्ष ने कहा कि हमारे मोर्चा का संगठन और जनता के बीच दिखना चाहिए, हमें हमारे समाज के बीच बैठकर समझाना होगा कि हम सब हिंदू है हमें भटकाया जा रहा हैं। धर्मांतरण के विरुद्ध जन जागरण चलाना होगा। मोहन धिक्दे ने कहा की आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हमारे पवित्र धाम गिरोधपुरी में जैत खाम का निर्माण हुआ है, जो आज विश्व प्रसिद्ध है।

इसके पहले जिला अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर उनका भव्य स्वागत फूल मालाओं और पटाखे के साथ किया गया। इस अवसर पर संतन बांधे, युगल किशोर वर्मा, महिष जांगड़े, मंत राम बंजारे, देवा धृतलहरे, जीत राम अनंत, रामकुमार साहू, धनीराम साहू, होरीलाल वर्मा, वंदना बंजारे, सुमित वर्मा, जामुन बंजारे, दागेश्वरी वर्मा, शिला विश्वास, बालकरण ठाकुर, सुनील वर्मा, हरिशंकर वर्मा, लीलाधर साहू, प्यारे लाल बाघमार, मनीष साहू, मेघनाथ साहू, सत्या जोगी, टीकम निषाद सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्कूल के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा

# शिक्षा से ही छात्रों को मिलती है आगे बढ़ने की दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



स्थानीय गीता पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा शामिल हुए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने फैंसी ड्रेस में स्वागत नृत्य किया। वहीं बड़े कक्षाओं के छात्रों ने देशभक्ति महिला सशक्तिकरण तथा भक्तिमय विषयों पर आधारित नाटकों के माध्यम से सार्थक संदेश दिया।

मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की दिशा मिलती है। क्योंकि शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है, जहां विद्यार्थियों की सोचने समझने की क्षमता विकसित होती है। इससे वह अपने तथा समाज को आगे बढ़ाने में योगदान दे पाता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में हर माता पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा अच्छे भविष्य के लिए इंग्लिश मिडियम स्कूल में शिक्षा ग्रहण करें लेकिन इंग्लिश हमारी न मातृभाषा न राष्ट्र भाषा है। भाषा का ज्ञान हो उसमें कोई विरोध नहीं है, लेकिन भाषा ज्ञान के साथ साथ अपनी संस्कृति से जुड़े रहना आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय के संचालक एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग भी बधाई के पात्र हैं, जहां बच्चों को ज्ञान के साथ साथ उनमें छुपी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जा रहा है। उक्त अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, अभिजीत अवस्थी, पार्षद टेबू देवांगन, मुकुंद रजक, विष्णु जायसवाल, परस पाटकर, पौंसरी सरपंच चंद्रमणि साहू सहित बच्चों के पालक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### मेघावी छात्र-छात्राओं एवं गौ सेवकों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मेडिसिन हास्पिटल के संचालक सुशील शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। जीवन में पढ़ाई के साथ ही तन मन को स्वस्थ रखने हेतु खेलकूद भी आवश्यक है। कार्यक्रम को विद्यालय के संचालक अत्री शर्मा एवं प्राचार्य सौरभ दुबे ने भी संबोधित किया। समापन पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं नगर गौ सेवकों का सम्मान किया गया।




